# अखिल राजस्थान उच्च शिक्षा मंत्रालयिक कर्मचारी संघ (अरूस्मा)

(EMAIL ID : arusma2025@gmail.com)

प्रधान कार्यालयः SKIT कॉलेज के पास, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर

क्रमांकः ARUSMA/प्रदेश/राज./2025/111–118     दिनांकः–29.08.2025

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
   राजस्थान सरकार,
   जयपुर।

2. माननीय उपमुख्यमंत्री/उच्च शिक्षामंत्री महोदय,
   राजस्थान सरकार,
   जयपुर।

**विषयः– कॉलेज शिक्षा विभाग में रिक्त कनिष्ठ–सहायकों के पदों को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा प्रक्रियाधीन कनिष्ठ–सहायक सीधी भर्ती– 2024 में शामिल करवाकर नियुक्ति प्रक्रिया संपादित करवाने बाबत।**

मान्यवर,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन हैं कि– हाल ही में प्रक्रियाधीन कनिष्ठ–सहायक सीधी भर्ती– 2024, राज्य के अधीनस्थ विभाग/कार्यालय के लिए कुल लगभग 3552 पदों (नॉन टी.एस.पी.– 2788 पद एवं टी.एस.पी.– 764 पद) पर दस्तावेज सत्यापन के उपरांत अंतिम परिणाम जारी होने के उपरांत **प्रशासनिक समन्वय एवं सुधार विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर** के द्वारा विभाग आवंटन कर संबंधित विभागों के द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया के अंतिम चरण में है।

1. **कॉलेज शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के कनिष्ठ सहायक के पदों की वर्तमान स्थितिः–**

– वर्तमान में कॉलेज शिक्षा विभाग में कनिष्ठ–सहायक के कुल 641 पद स्वीकृत है, एवं लगभग 95 पदों पर ही कनिष्ठ–सहायक कार्यरत है।

– विभाग में लगभग कुल 546 कनिष्ठ–सहायकों के पद आदिनांक तक रिक्त है। जिसके कारण महाविद्यालयों एवं कार्यालयों में सम्पूर्ण मंत्रालयिक संवर्ग के कार्मिकों को स्वयं के महाविद्यालयों एवं कार्यालयों में कनिष्ठ–सहायकों के पदों के रिक्त होने के कारण तीन–चार कार्यभार प्रत्येक मंत्रालयिक कार्मिक को संभालने के साथ ही अधीनस्थ 2–3 राजसेस महाविद्यालयों का भी कार्यभार संभालना पड रहा है।

– इसी के साथ ही विभाग के अनेक महाविद्यालय मे ंतो वर्तमान में मंत्रालयिक संवर्ग के समस्त कार्यभार केवल कार्यरत एकल मंत्रालयिक कार्मिक द्वारा ही संभाले जा रहे है। जिसके कारण विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों की शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्थिति प्रभावित हो रही है एवं महाविद्यालयों एवं कार्यालायों के स्तर पर विभिन्न समस्याओं के निस्तारण में समय अधिक लगने आदि विभिन्न तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

2. **नवीन प्रक्रियाधीन कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती–2024 के संदर्भ में संघ की माँगः–**

**– नवीन प्रक्रियाधीन कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती– 2024 में कॉलेज शिक्षा विभाग के कम से कम 250 पदों को प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, राजस्थान सरकार के स्तर पर विभाग आवंटन में सम्मिलित करवाकर नियुक्ति प्रक्रिया सम्पादित करवाई जाए।**

**– नवीन प्रक्रियाधीन कनिष्ठ सहायक भर्ती– 2024 में कॉलेज शिक्षा विभाग को आवंटित होने वाले कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति प्रक्रिया संपादित करने के लिए विभाग द्वारा की जाने वाली ऑनलाईन/ऑफलाईन**

**काउंसलिंग प्रक्रिया में केवल ऐसे महाविद्यालयों को ही प्रदर्शित किया जाए या नियुक्ति दी जाए, जिनमें कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की संख्या शून्य है या एकल मंत्रालयिक कर्मचारी कार्यरत है।**

अतः माननीय से निवेदन हैं कि– श्रीमान् शासन सचिव महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, श्रीमान् शासन सचिव महोदय, प्रशासनिक समन्वय एवं सुधार विभाग एवं श्रीमान् आयुक्त महोदय, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, को उक्त प्रक्रियाधीन नवीन कनिष्ठ–सहायक सीधी भर्ती– 2024 में कॉलेज शिक्षा विभाग के कनिष्ठ–सहायक के कम से कम 250 पद शामिल करवाते हुए उपरोक्तानुसार काउंसलिंग प्रक्रिया करवाकर नियुक्ति प्रक्रिया संपादित करवाने के लिए अवगत करावें।

**आपसे अनुरोध हैं कि कार्मिक हित एवं कार्यस्थल पर स्वस्थ गुणवत्तापूर्ण वातावरण को बचाने के लिए उपरोक्त माँग पर आवश्यक कार्यवाही करवाने का श्रम करावें।**

आपके सकारात्मक कार्रवाही की प्रतीक्षा में।

**प्रकाश चन्द्र शर्मा**

**प्रदेशाध्यक्ष, ARUSMA**

**क्रमांकः ARUSMA/प्रदेश/राज./2025/111–118** **दिनांकः–29.08.2025**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. श्रीमान् मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान् शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. श्रीमान् शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. श्रीमान् शासन सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. श्रीमान् आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. श्रीमान् अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

**प्रकाश चन्द्र शर्मा**

**प्रदेशाध्यक्ष, ARUSMA**